दिनांक : 18.01.2025 समय : 07.10

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी भो□ाल**

**प्रातःकालीन समाचार**

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज स्वामित्व योजना के अंतर्गत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगेए प्रदेश के 15 लाख से अधिक हितग्राहियों को भी मिलेगा फायदा।
- संसद का बजट सत्र 31 जनवरी सेए एक फरवरी को आएगा केंद्रीय बजट।
- खो-खो विश्व कप में भारत की पुरुष और महिला दोनों टीमें सेमीफाइनल में पहुंची।
- प्रदेश एक बार फिर बर्फीली हवाओं से ठिठुराए भोपालए सागर समेत 7 जिलों में आज कोल्ड-डे की चेतावनी।

**प्रधानमंत्री.स्वामित्व योजना**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्वामित्व योजना के अंतर्गत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे। संपत्ति कार्ड दस राज्यों और दो केन्द्रशासित प्रदेशों के पचास हजार से अधिक गांवों में वितरित किए जायेंगे। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण आबादी के क्षेत्रों में संपत्ति मालिकों को रिकॉर्ड का अधिकार प्रदान करके ग्रामीण भारत में आर्थिक बदलाव को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री आज प्रदेश के 15 लाख 63 हजार से अधिक हितग्राहियों को भी ई-वितरण कार्यक्रम में सम्पत्ति कार्ड वितरित करेंगे।

**बजट-सत्र**

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्य सभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पहली फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चलेगा जबकि दूसरा चरण 10 मार्च से 4 अप्रैल तक होगा।

**आरबीआई-नामांकन**

रिजर्व बैंक ने बैंकों से नये और सभी मौजूदा उपभोक्ताओं के जमा खातों और लॉकरों में नामांकन सुनिश्चित करने को कहा है। रिजर्व बैंक ने कहा है कि बडी संख्या में खातों में नामांकन नहीं किये गये हैं। इस सुविधा का उद्देश्य जमाकर्ता का निधन होने पर परिवार के सदस्यों के दावों का जल्द निपटारा करने और उनकी कठिनाइयां कम करना है। रिजर्व बैंक ने बैंकों से यह भी कहा है कि वे नामांकन लेने और मृतक के नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारियों के दावों को निपटाने के लिए अपने कर्मचारियों को उचित रूप से प्रशिक्षित करें।

**महाकुंभ**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगा रहे हैं। लाखों लोगों के इस जमावडे से न केवल प्रयागराज की प्रतिष्ठा बढ़ी हैए बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और व्यापार में भी तेजी आई है। ब्यौरो हमारे संवाददाता सेण्ण्ण

**शिवराज विदिशा**

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा में मेक इन इंडिया के तहत स्थापित जम्बार बागरी में बैटरी चलित वाहनों की एक निजी फैक्ट्री का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने विदिशा जिले के जंबार बागरी गांव में एक बड़े औद्योगिक क्षेत्र का सपना देखा था जो आज 400 से अधिक औद्योगिक इकाइयों के लक्ष्य के साथ पूरा होते दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया अभियान से न केवल स्थानीय औद्योगिक इकाइयां बढ़ रही हैंए बल्कि देसी तकनीक से विभिन्न प्रकार की औद्योगिक इकाइयां शुरू हो रही है।

**जन □ोषण केंद्र –इंदौर**

भारत सरकार द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इंदौर जिले की 30 चयनित उचित मूल्य दुकानों में जन पोषण केंद्र खोले जाएंगे। इन केन्द्रों के माध्यम से पोषण से जुड़े गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराये जाएंगे। जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि सरकारी राशन की दुकानों को पोषण केंद्रों में बदलने का मकसदए लोगों को पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थ मुहैया कराना है। जन पोषण केंद्रों में राशन के अलावा दैनिक ज़रूरत के सामान भी मिलेंगे।

**राष्ट्रीय खेल**

उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से शुरू होने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देहरादून में इन खेलों का उद्घाटन किया जायेगा। इनमें मध्यप्रदेश के 335 खिलाड़ी भागीदारी करने जा रहे हैं। राष्ट्रीय खेलों के कुल 35 खेलों में से 25 खेल प्रतियोगिता और एक प्रदर्शन खेल में प्रदेश के खिलाडी भागीदारी करेंगे।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बताया कि पिछले राष्ट्रीय खेल में पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि बढ़ा दी गई है। इस बार स्वर्ण पदक विजेता को 6 लाखए रजत पदक पर 4 लाख और कांस्य पदक विजेता को 3 लाख रूपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जायेगी।

**खो.खो विश्व क□**

खो.खो विश्व कप मेंए मेजबान भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमें अपने-अपने वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। दोनों ही टीमों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर अपने सभी मैचों में जीत हासिल की है। कल क्वार्टर फाइनल में भारतीय पुरुष टीम ने श्रीलंका को 100.40 से हराया। वहींए भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को 109.16 से हराया।

**मौसम**

प्रदेश एक बार फिर बर्फीली हवा से ठिठुर रहा है। भोपालए इंदौरए उज्जैनए ग्वालियर-जबलपुर समेत प्रदेश के 18 शहरों में कल कोल्ड-डे जैसी स्थिति रही। यहां दिन का पारा 23 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। आज भी भोपालए सागर समेत 7 जिलों में कोल्ड-डे की चेतावनी दी गयी है। प्रदेश के आधे हिस्से में सुबह मध्यम से घना कोहरा रहा। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में उत्तरी हवा आ रही है। इससे ठिठुरन बढ़ गई है और तापमान में गिरावट हुई है। विभाग के मुताबिकए कड़ाके की ठंड का असर अब और भी बढ़ेगा क्योंकि बर्फीली हवा की रफ्तार बढ़ेगी। अगले 3 दिन प्रदेश में कोहरा भी छाया रहेगा। इंदौर में ठण्ड के कारण देर शाम सड़कों पर आवाजाही कम हो गई। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि यह स्थिति कोल्ड डे जैसी है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की ओर से जारी ताजा ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण में खजुराहो मध्य प्रदेश में पहले स्थान पर है जबकि देश के 63 हवाई अड्डों में खजुराहो को आठवां स्थान मिला है।
- श्योपुर जिले में 5 हजार 241 हितग्राहियों को आज स्वामित्व योजना का लाभ मिलेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कराहल में होगा।
- सागर जिले के देवरीकला में बैंक ऑफ बडौदा के अधिकारियों द्वारा बैंक के साथ 45 लाख रुपये की धोखाधड़ी पर ई.ओ.डब्ल्यू. में अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है।
- झाबुआ में जिला स्तरीय दल ने रामा विकासखण्ड के ग्राम रोटलाए बोचकाए गोलाबड़ीए कोकावदए नवापाड़ा एवं गोमला क्षेत्र में रबी फसल चनाए गेहूँए मक्का ओर स्ट्राबेरी फसलो का निरीक्षण किया।
- आगरमालवा जिले की ग्राम पंचायत थड़ौदा में आयोजित हुए जन कल्याण शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।
- डिंडोरी में जवाहर नवोदय विद्यालय एवं भारत इंस्टीटयूट नर्सिंग महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देने के लिये कार्यशाला आयोजित की गयी।
- शिवपुरी जिले में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पनघटा में कक्षा 6 वीं के लिए प्रवेश परीक्षा आज समस्त विकास खण्डों के कुल 16 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है।
- रायसेन जिले के वन मंडल ओबेदुल्लागंज के रातापानी टाइगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र बरखेड़ा अंतर्गत भीमबैठका जंगल में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दिवटिया एवं बरखेड़ा से 60-60 कुल 120 छात्र-छात्राओं के साथ 10 शिक्षक शामिल हुए।
- बैतूल जिले रंग पंचमीए मां ताप्ती जन्मोत्सव और गणेश चतुर्थी पर स्थानीय अवकाश रहेगा। ये अवकाश कोषालय और उप कोषालय पर लागू नहीं होंगे।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज स्वामित्व योजना के अंतर्गत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगेए प्रदेश के 15 लाख से अधिक हितग्राहियों को भी मिलेगा फायदा।
- संसद का बजट सत्र 31 जनवरी सेए एक फरवरी को आएगा केंद्रीय बजट।
- खो-खो विश्व कप में भारत की पुरुष और महिला दोनों टीमें सेमीफाइनल में पहुंची।
- प्रदेश एक बार फिर बर्फीली हवाओं से ठिठुराए भोपालए सागर समेत 7 जिलों में आज कोल्ड-डे की चेतावनी।